
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सदियों से है भारत से नेपाल का रोटी बेटी का रिश्ता

**सीमा विवाद**

## नेपाल को समझना होगा भारत ही निभा सकता है नेपाल से सच्ची मित्रता

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। भले ही नेपाल सरकार वर्तमान दौर में चीन से सुर मिलाकर सीमा विवाद को तूल देने में लगा हुआ है। बता दें कि आज भी भारत से नेपाल सरकार का रोटी बेटी का संबंध कायम है। यदि इसे हम आम तरीके से जोड़ते हुए देखे तो आज भी आम नेपालियों को भारत ही पंसद आ रहा है।

लॉकडाउन से लेकर वर्तमान परिस्थिति की बात करें तो सीधे तौर पर नेपाल में रोजगार व आर्थिक स्थिति की तंगी को बढ़ते देख नेपाल से आम नागरिकों के कदम रोजगार व आर्थिक तंगी दूर करने के लिए भारत लौटे हुए हैं। लॉकडाउन के बाद भारत–नेपाल सीमा सील होने के बावजूद भी नेपाल के लोग अपनी जान जोखिम में डालकर काली नदी को टूयूब के सहारे पार कर भारत आने में भी पीछे नही हटे। जानकारी के मुताबिक भौगोलिक व आर्थिक परिस्थितियां जो तस्वीर बयां करती है कि उसके



मुताबिक नेपाल की आर्थिक स्थिति पूरी तरह भारत पर निर्भर होते आज भी देखी जा सकती है। दूसरी ओर भारतीय सीमा पर एक के बाद एक आठ सौ से भी ज्यादा बॉर्डर आउट पोस्ट चौकी खोलकर नेपाल ने सशस्त्र बल की चौकी बनवाकर बॉर्डर पर जवानों की तैनाती कर सीमा सील कर दी फिर भी नेपाल के रूख में कोई कमी नही दिखाई दी। खुद नेपाल ने अपने नागरिको को फिर से दुबारा भारत को जाने के संकेत दे दिए। नेपाल सरकार के मुताबिक नेपाल के लोग आज भी नेपाल में आर्थिक मंदी के चलते नेपाल के आम नागरिकों को भारत वापिस भेजने की तैयारी में लगे है। चार माह बीतने के बाद आज भी नेपाल के लोग आर्थिक मंदी की मार झेलने को मजबूर होने के साथ रोजगार व भरण पोषण के लिए खासे परेशान है।

नेपाल में आर्थिक मंदी की मार का दंश झेल रहे नेपाली नागरिक एक बार दुबारा भारत की ओर कदम बढ़ाने को बेकरार है। नेपाल सरकार से मिली सूचना के मुताबिक लॉकडाउन के दौरान भारत से नेपाल को छह लाख नेपाली भारत से लौटे थे। इनमें से करीबन चार लाख पच्चीस हजार अगस्त व सितंबर में दुबारा भारत लौट चुके है। अब तक दो लाख पच्चीस हजार नेपाल के सुदूर पश्चिम जिले से नेपाली नागरिक भारत को लौट आये है। इन नागरिको का साफ कहना है कि नेपाल में भरण पोषण के लिए बेहद चिंताजनक हालात बने हुए है। अब तक सुदूर पश्चिम से लौटे नेपाली नागरिकों की संख्या है दो लाख चौरासी हजार पांच सौ इकतीस व बागमती से लौटे नेपाली नागरिकों की संख्या तेरह हजार के करीब है। ये नेपाली नागरिकों की रिपोर्ट नेपाली गृह मंत्रालय ने जारी की है।

मेजर रिटायर्ड बीएस रौतेला ने कहा कि भौगोलिक नजरिया भी स्पष्ट करता है कि आज भी नेपाल को हर हाल में समझना होगा कि भारत ही नेपाल से सच्ची मित्रता निभाने में कायम रहा है। इन संबंधों से नेपाल सरकार मुकर नही सकती है।

## न्यूज डायरी

### महामण्डलेश्वर प्रकाशानंद गिरि महाराज का निधन

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंच दशनाम जूना अखाडे के महामण्डलेश्वर प्रकाशानंद गिरि महाराज का मुम्बई स्थित आश्रम में आकस्मिक निधन हो जाने से समस्त साधु–समाज में गहरा शोक व्याप्त हो गया। अध्यात्म जगत की महान विभूति, कुशल वक्ता तथा सेन समाज में अत्यन्त लोकप्रिय ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री तथा जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि महाराज के शिष्य थे। समाचार मिलते ही महंत हरि गिरि महाराज, अखाड़े के राष्ट्रीय सभापति महंत प्रेमगिरि महाराज, राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि, राष्ट्रीय सचिव महंत मोहन भारती, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेन्द्र गिरि महाराज व देश के विभिन्न भागों से साधु संत मुम्बई पहुच गए हैं।

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का जन्मदिन मनाया

**संवाददाता** हरिद्वार। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और भारत के यशस्वी गृह मंत्री अमित शाह का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी हरिद्वार के कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय जगजीतपुर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह चौहान ने कहा कि अमित शाह ने पिछले एक दशक में पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है, उनकी सटीक संगठनात्मक रणनीति और विशुद्ध रूप से योजनाबद्ध कार्यपद्धति के समन्वय से ही आज पार्टी इस मुकाम पर है। जिला महामंत्री विकास तिवारी ने कहा कि उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में सटीक चुनावी रणनीति और योजनाबद्ध कार्य योजना का परिणाम है कि आज पार्टी पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

### पियाजियो इंडिया ने पर आकर्षक ऑफरों के साथ फेस्टिव सीजन शुरू किया

**संवाददाता** देहरादून। पियाजियो इंडिया ने अपने वेस्पा एवं अप्रिलिया उत्पादों पर स्पेशल सीजन बेनेफिट्स व ऑफर्स की घोषणा की। जश्न व रोशनी के त्योहारों की शुरुआत के साथ फेस्टिव सीजन के लिए ये नए ऑफर अभी से शुरू होकर 16 नवंबर, 2020 तक चलेंगे। इस दौरान ग्राहक देश में विभिन्न डीलरशिप्स से वेस्पा व अप्रिलिया पर 10,000 रु. तक के फायदे प्राप्त कर सकते हैं। इनमें वेस्पा का फेसलिफ्ट बीएस6 एवं अप्रिलिया बीएस6 श्रृंखला शामिल है। इस फेस्टिव ऑफर में 7000 रु. तक का इंश्योरेंस बेनेफिट, 4000 रु. मूल्य तक की कॉम्प्लिमेंटरी एक्सेसरीज तथा 2000 रु. का ईकॉमर्स बुकिंग बेनेफिट शामिल है। इसके अलावा दशहरा व दीवाली पर खरीद करने वाले ग्राहकों को पहले साल मुफ्त सर्विस लेबर एवं 5 सालों की वॉरंटी मिलेगी, जिसमें 2 साल के लिए फ्री रोड साईड असिस्टेंस शामिल है।

## पष्ठम नवरात्र के दिन मातां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई



**संवाददाता** देहरादून। पष्ठम नवरात्र के दिन मातां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई और भक्तों ने व्रत रखे। इस अवसर पर मां कालिका माता को प्रिय पीले रंग के नवीन वस्त्र धारण कराए गए व माँ कात्यायनी के रूप मे पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी बिश्म्बर थपरियाल द्वारा सभी देवी देवताओं का पूजन किया गया जिसमें घंटी पूजन, शंख पूजन, सूर्य पूजन, गणेश पूजन लक्ष्मी पूजन, व नवग्रह पूजन अनादि देवताओं का पूजन पुजारी द्वारा किया गया. तत्पश्चात मां दुर्गा की ढोल बाजे के साथ अपार भक्तों द्वारा मां की सामूहिक आरती हुई. मंदिर समिति द्वारा आमंत्रित किए गए उत्तराखंड से विद्वान 13 ब्राह्मणों को तिलक कर सभी ब्राह्मणों ने मां दुर्गा सप्तशती का पाठ व माँ दुर्गा का जाप प्रारंभ किया गया।

## गुजरात की महिला ने होटल में जहर खाकर दी जान

**संवाददाता** हरिद्वार। गुजरात की एक महिला ने हरिद्वार के होटल में जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसको उपचार के जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला की गम्भीर हालत देखते हुए उसको हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि महिला ने उपचार के दौरान एम्स में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाते हुए परिजनों को सूचित कर दिया है।

कोतवाली नगर एसएसआई नंदकिशोर ग्वाड़ी ने बताया कि श्रवणनाथ नगर स्थित एक होटल के कमरे में बीती रात एक महिला ज्योत्सना बैन पत्नी शम्भु प्रसाद (47) निवासी शाहपुर अहमदाबाद गुजरात ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसकी जानकारी लगते ही होटल कर्मियों द्वारा महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने

**मृतका एक दिन पूर्व ही आकर होटल में थी ठहरी**

महिला की हालत गम्भीर देखते हुए उसको हॉयर सेंटर एम्स रेफर कर दिया। बताया जा रहा हैं कि एम्स में महिला ने उपचार के दौरान दम तोड दिया। महिला के शव को जिला अस्पताल लाया गया, सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया।

मामले की जानकारी मृतक महिला के परिजनों को भेज दी। महिला बुधवार की दोपहर को अकेली होटल में आकर ठहरी थी। पुलिस ने महिला के सुसाइड के कारणों की जानकारी के लिए कमरे की तलाशा गया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस मृतका के परिजनों के हरिद्वार पहुंचने का इंतजार कर रही है।

## सिडकुल में मोबाइल झपटने वाले दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

हरिद्वार। दो दिन पूर्व राहगीर से मोबाइल झपटने वाले बाइक सवार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने झपटा गया मोबाइल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोबाइल झपटने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

सिडकुल एसओ लखपत सिंह बुटोला ने बताया 20 अक्टूबर को मनमोहन सिंह पुत्र कल्याण सिंह निवासी नवोदय नगर सिडकुल आईएमसी चौक के पास अपने मोबाइल फोन से किसी से बात कर रहा था कि इसी दौरान

**आरोपियों ने मोबाइल झपटने की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया**

बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल झपट कर फरार हो गए। पीड़ित ने भागते बदमाशों को पकड़ने के लिए शोर मचाते हुए उनकी बाइक का नम्बर नोट कर लिया। पीड़ित द्वारा 21 अक्टूबर को सिड़कुल थाने में तहरीर देते हुए घटना की शिकायत करते हुए बदमाशों की बाइक का नम्बर नोट कराया था।

पुलिस मोबाइल झपटने वाले बदमाशों को दबोचने के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली की मोबाइल झपटने वाले बाइक सवार दोनों बदमाशों को आईएमसी चौकी आसपास घूमते हुए देखा गया है। सूचना पर पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कर बाइक सवार दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से पुलिस ने दो दिन पूर्व झपटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम निखिल पुत्र बाबूराम निवासी निजामपुर मंगलौर हाल निवासी ग्राम अनेकी हेतमपुर और विशाल ऊर्फ गोलू पुत्र राकेश निवासी ग्राम आनेकी सिडकुल बताते हुए मोबाइल झपटने वाली वारदात को कबूल किया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल बाइक को सीज कर दिया। पुलिस ने बदमाशों का मेडिकल कराने के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

## आम आदमी पार्टी और शिफन कोर्ट की जनता के संघर्ष की जीत

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता नवीन पिरशाली ने कहा है कि मसूरी के शिफन कोर्ट से बेघर किये गये 84 परिवारों की लड़ाई के लिये आम आदमी पार्टी मसूरी और शिफन कोर्ट की जनता लगातार संघर्षरत थी और इस दौरान धरने प्रदर्शन करते हुए उन पर कई बार केस भी दर्ज किये गये। आखिकार मसूरी पालिका अध्यक्ष और बोर्ड को जमीन का प्रस्ताव पास करना पड़ा।

यहां जारी एक बयान में पार्टी के प्रवक्ता नवीन पिरशाली ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी और शिफन कोर्ट की जनता के संघर्ष की जीत है कि पालिका अध्यक्ष और बोर्ड को झुकना पड़ा और जमीन का प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा है और यह आम आमी पार्टी व शिफन कोर्ट की जनता की एक बड़ी जीत है।

उन्होंने कहा कि क्या आईडीएच में इतने लोगों को विस्थापित करने के लिये पर्याप्त जमीन है और जबकि पहले से विस्थापित लोगों के लिए अभी भी 56 फ्लैट बनने बाकी हैं और शिफन कोर्ट के 84 परिवार मिलाकर कुल 150 फ्लैट बनेंगे।